Email ID :- sdcollegebeawar@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य, एस. डी. राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर (राज.)

दिनांक :- 20.9.24

क्रमांक :- एसडीराम/ब्या/एनसीसी/2024-25/ 2339

NCC भर्ती सूचना – सत्र 2024-25

भर्ती दिनांक :- 27.09.2024 (शुक्रवार)
समय :- प्रातः 7:30 बजे
स्थान :- महाविद्यालय खेल मैदान

भर्ती के दिन सभी विद्यार्थियों को मूल दस्तावेज (Original Documents)साथ लाना आवश्यक है।

महाविद्यालय के पत्रांक एसडीराम/ब्या/एनसीसी/2024-25/2161 दिनांक 02.09.2024 के अनुसार दिनांक 02.09.2024 से 07.09.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। कमान अधिकारी, 11 राज. बटालियन NCC अजमेर के निर्देशन में सत्र 2024-25 हेतु एनसीसी प्रथम वर्ष की **भर्ती का आयोजन दिनांक 27.09.2024** को महाविद्यालय खेल मैदान में किया जायेगा। अतः महाविद्यालय के प्रथम वर्ष **(स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी.)** के नियमित विद्यार्थियों (छात्र/छात्राओं) को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024-25 के लिए 11 राज. बटालियन NCC अजमेर के अन्तर्गत NCC प्रथम वर्ष में आवेदन से वंचित विद्यार्थियों के लिए दिनांक 21 सितम्बर 2024 से 24 सितम्बर 2024 तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन पत्र जमा करवाने का स्थान :- एनसीसी कार्यालय समय : प्रातः 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक** एवं आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcbeawar से डाउनलोड करें। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए महाविद्यालय के विभिन्न कोर्स के रिक्त स्थानों के लिए नवीन आवेदन करने वाले विद्यार्थी एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थी भी एनसीसी भर्ती के लिए आवेदन कर सकते है। महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश नहीं होने पर एनसीसी चयनित विद्यार्थी का चयन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ **निम्न आवश्यक दस्तावेज (स्वप्रमाणित)** जमा करवाने होंगे :-

1. भर्ती स्थान के लिए प्रवेश पत्र।
2. महाविद्यालय में प्रथम वर्ष सत्र 2024-25 की प्रवेश फीस रसीद की प्रतिलिपि।
3. दो नवीन पासपोर्ट साईज फोटो। (फोटो 01 माह से पुरानी नहीं हो।)
4. आधार कार्ड की फोटो प्रतिलिपि।
5. 10वीं तथा 12वीं की अंकतालिका की प्रतिलिपि।
6. राज्य/राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्टस प्रमाण-पत्र/सांस्कृतिक प्रमाण पत्र (यदि कोई हो तो)
7. NCC "A" प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि। (यदि कोई हो तो)

नोट :-

1. NCC भर्ती शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर होगी।
2. लिखित परीक्षा हेतु क्लिप बोर्ड, पेन, पेन्सिल, रबड़ साथ लावें।
3. NCC में चयन हेतु किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि में संलिप्त होने पर/गलत सूचना पर महाविद्यालय से प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
4. जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है।

सुनील कुमार
NCC प्रभारी

प्राचार्य
एस. डी. राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर

प्राचार्य
स. धर्म. राजकीय महाविद्यालय,
ब्यावर